भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 202

जिसका उत्तर सोमवार 24 जून, 2019 को दिया जाना है

केरल में भारी उद्योगों की स्थिति

202. श्री के. सोमप्रसाद:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के बीच शुरू की गई नई भारी औद्योगिक इकाइयों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और प्रत्येक यूनिट में कुल कितना रोजगार सृजित किया गया है;

(ख) क्या केरल सरकार की ओर से भारी उद्योग इकाइयों के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो परियोजना का ब्यौरा क्या है और वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री अरविंद गणपत सावंत)

(क)से (ग): भारी उद्योग विभाग पहले ही 31 केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की निगरानी कर रहा है जोकि वर्षों से भारत सरकार द्वारा स्थापित भारी उद्योग हैं। तथापि, उद्योग की स्थापना करना राज्य का विषय है और इस विभाग/मंत्रालय की भूमिका इसके प्रशासनिक उत्तरदायित्व के तहत केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के प्रशासन तक सीमित है। विभाग, भारी औद्योगिक यूनिटों की संख्या और प्रत्येक यूनिट में सृजित कुल रोजगार से संबंधित केन्द्रीकृत आँकड़ों का रख-रखाव नहीं करता है।

*****